EditorsBreaking

ताज़ा समाचार और नवीनतम अपडेट

ग्वालियर

जीवाजी क्लब: सहसचिव पद पर धर्मेन्द्र अग्रवाल को मिल रहा व्यापक समर्थन

प्रकाशित तिथि: 23 Nov 2026



ग्वालियर। प्रतिष्ठित जीवाजी क्लब के चुनाव में इस बार एक आम व्यक्ति समाजसेवी और व्यवसायी धर्मेन्द्र अग्रवाल भी चुनावी मैदान में हैं। जीवाजी क्लब में एक्जूकेटिव कार्यकारिणी सदस्य रहे धर्मेन्द्र अग्रवाल सहसचिव पद पर अपना भाग्य आजमा रहे है और उन्हें सदस्यों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। धर्मेन्द्र अग्रवाल को जीवाजी क्लब में सदस्य उनकी सक्रियता को लेकर बेहद पसंद भी करते है, वह क्लब के हर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है और हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाते भी हैं। धर्मेन्द्र अग्रवाल जीवाजी क्लब को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करना चाहते है। उनका कहना है कि अभी वर्तमान टीम ने क्लब में काफी डवलपमेंट किया भी है, लेकिन इसके साथ क्लब में सुरक्षा, हाईजनिक

कचिनि व फूड भी जरूरी है। अब मैं इस दशिा में बेहतर काम करूंगा, क्योंकि हाईजनकि फूड प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य के लयि जरूरी है। इसी प्रकार जीवाजी क्लब में टायलेटों की संख्या और बढ़ाने व वर्तमान टायलेट साफ सफाई वाले होने चाहयि, ताकि क्लब के सदस्य संक्रमण से मुक्त रहे।

धर्मेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि जीवाजी क्लब में मनोरंजन के साधन और बढ़ाने पर भी उनका फोकस रहेगा और अनाधकिृत प्रवेश करने बाहरी व्यक्तयिों के प्रवेश पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर उनकी प्राथमकिता रहेगी। धर्मेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि जीवाजी क्लब सदस्यों का उन्हें व्यापक समर्थन व स्नेह मलि रहा हैं।

टैग: #jiwaji club #elections 2026 #dharmendra agrawal